Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of dam on rivers in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency of Gujarat to solve the problem of water shortage.

श्रीमती गीताबेन वी राठवा (छोटा उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में अपने लोक सभा क्षेत्र का एक अति महत्वपूर्ण विषय रखने जा रही हूं, जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर के किसान भाइयों की सिंचाई का समाधान मिल सकेगा । महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र पहाड़ी तथा ऊँचाई क्षेत्र में है । वहां नर्मदा नदी होने के बावजूद भी किसान भाइयों को जल की कठिनाई के कारण खेती करने में काफी दिक्कत होती है । साथ ही आम जनमानस को भी जल की काफी समस्या का सामना करना पड़ता है । महोदय, यदि हमारे संसदीय क्षेत्र की हेरन नदी, मेन नदी, करा नदी, ओरसंग नदी तथा रामी नदी में बांध बना दिया जाए तो जल की समस्या से निजात मिल सकेगा, जिससे आस-पास के स्थानों का भी जलस्तर बढ़ेगा । जल की जो व्यापक समस्या है, उसका भी समाधान हो पाएगा । साथ ही जिन तहसीलों में जल की समस्या है, वहां के किसान भाइयों को खेती करने में भी अधिक सुविधा मिलेगी । इस प्रयास से जमीन का जलस्तर बढ़ने के परिणामस्वरूप नलकूप तथा कुएं में जल की उपलब्धता वर्ष भर रहेगी और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना 'हर घर जल, हर घर नल, हर खेत में पानी' का सपना भी साकार हो जाएगा । महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर के हेरन नदी, मेन नदी, करा नदी, ओरसंग नदी तथा रामी नदी में बांध बनाने की कृपा करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरिट पी. सोलंकी और श्री सी.पी. जोशी को श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।